मॉडल - (01)

विषय - व्यवसाय अध्ययन, कक्षा– 12वी

विषय कोड : 319

समय : 3 घंटे **पूर्णांक: 100**

निर्देश–

1. **सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।**
2. **प्रश्न कमांक 1 वस्तुनिष्ठ प्रश्न है। इसमें तीन खण्ड है। खण्ड (अ) बहुविकल्पीय प्रश्न, खण्ड (ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति तथा खण्ड (स) सत्य/असत्य प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न के लिए एक अंक आबंटित है।**
3. **प्रश्न कमांक 2 से 13 तक अति लघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित है।**
4. **प्रश्न कमांक 14 से 19 तक अति लघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित है।**
5. **प्रश्न कमांक 20 से 23 तक लघुउत्तरीय प्रश्नप है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित है। व विकल्प है।**
6. **प्रश्न कमाकं 24 एवं 25 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित है व विकल्प है।**
7. **प्रश्न कमांक 26 एवं 27 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित है व विकल्प है।**

प्रश्न कमांक 1 (अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए –

(i) एक्स लिमिटेड को बादल के फटने से हानि हुई–

(अ) प्राकृतिक कारण (ब) राजनैतिक कारण

(स) भौतिक कारण (द) आर्थिक कारण

(ii) वैज्ञानिक प्रबंध के जन्मदाता के रूप में कौन कौन जाने जाते हैं।

(अ) पीटर एफ.ट्रकर (ब) हेनरी फेयोल

(स) एफ.डब्ल्यू.टेलर (द) इनमें से कोई नहीं

(iii) भर्ती के उस स्त्रोत की पहचान कीजिए जिसमें कंपनियां अभ्यर्थियों को सीधे व्यावसायिक या तकनीकी संस्थाओं से भर्ती करती है –

(अ) रोजगार कार्यालय (ब) कारखाने के द्वार

(स) मीडिया द्वारा विज्ञापन

(द) कैम्पस साक्षात्कार

(iv) उस विनिर्माण उद्योग का नाम बताइये जिसमें 50 लाख रूप्ये का निवेश किया गया हैं –

(अ) सूक्ष्म उद्योग

(ब) लघु उद्यम

(स) नन्हीं इकाइयां

(द) इनमें से कोई नही

(v) एक कंपनी अपने लाभ का कुछ भाग अंशधारियों को देना चाहती है। इस संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा निर्णय संलिप्त है –

(अ) वित्तीय निर्णयन (ब) विनियोग निर्णयन

(स) लाभांश निर्णयन (द) उपर्युक्त सभी

खण्ड (ब)

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

(i) साझेदारी व्यवसाय में साझेदारों का दायित्व .... होता है।

(ii) स्वरोजगार में आय.................................... नहीं होती है।

(iii) .... शक्ति प्रबंध के सभी कार्यों को बांधती है।

(iv) योजना .... को कम करती है।

(v) .... प्रक्रिया आवेदन प्राप्त होने के बाद शुरू होती है।

खण्ड (स)

सत्य/असत्य बताइये –

(i) प्रबंध एक विज्ञान व कला दोनों है।

(ii) नियुक्तिकरण केवल एक बार की जानेवाली प्रक्रिया है।

(iii) ऋणपत्रधारी कंपनी के स्वामी होते हैं।

(iv) समन्वय एक सतत् प्रक्रिया है।

(v) स्वरोजगार में आय निश्चित होती है।

खण्ड (द)

एक शब्द/वाक्य मे उत्तर दीजिए –

(i) भारतीय यूनिट ट्रस्ट की स्थापना किस सन् में की गई ?

(ii) बाजार का राजा कौन होता है ?

(iii) मात्रा के आधार पर बाजार कितने प्रकार के होते हैं ? नाम लिखिए।

(iv) आयात व्यापार क्या है ?

(v) उपभोक्ता संरक्षण का अर्थ लिखिए।

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 2 से 13 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित है।

प्रश्न 2 रोजगार से क्या आशय है ?

प्रश्न 3. उद्योग से क्या आशय है ?

प्रश्न 4 सार्वजनिक कंपनी किसे कहते हैं ?

प्रश्न 5 बहुराष्ट्रीय कंपनी किसे कहते हैं ?

प्रश्न 6 छोटे व्यवसाय से क्या आशय है ?

प्रश्न 7 वैज्ञानिक प्रबंध से क्या आशय है ?

प्रश्न 8 वित्तीय प्रेरणाओं से क्या आशय है ?

प्रश्न 9 पूर्वाधिकार अंश किसे कहते हैं ?

प्रश्न 10 दीर्घकालीन वित के स्त्रोतों के 4 नाम लिखिए।

प्रश्न 11 कार्यशील पूंजी क्या है ?

प्रश्न 12 वित्तीय नियोजन क्या है ?

प्रश्न 13 फुटकर व्यापार क्या है ?

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 14 से 19 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित है।

प्रश्न 14 व्यवसाय के तीन आर्थिक उद्देश्य लिखिए।

प्रश्न 15 साझेदारी व्यापार एवं संयुक्त पूंजी कंपनी में तीन अंतर लिखिए।

प्रश्न 16 नियोजन की दो सीमाओं को लिखिए।

प्रश्न 17 प्रशिक्षण एवं विकास में तीन अंतर लिखिए।

प्रश्न 18 अभिप्रेरणा का महत्व तीन बिंदुओं में लिखिए।

प्रश्न 19 विज्ञापन और प्रचार में तीन अंतर लिखिए।

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित है। सभी में विकल्प दिए गए हैं।

प्रश्न 20 विपणन के चार उद्देश्य लिखिए।

अथवा

विपणन मिश्र के चार घटकों को समझाइये।

प्रश्न 21 समता अंशों से कंपनियों को होने वाले चार लाभ लिखिए।

अथवा

ऋणपत्रों की चार सीमाएं लिखिए।

प्रश्न 22 वित्तीय नियोजन के चार उद्देश्य लिखिए।

अथवा

एक अच्छे वित्तीय नियोजन के चार आवश्यक तत्व लिखिए।

प्रश्न 23 प्रबंध के चार उद्देश्यों को समझाइए।

अथवा

प्रबंध की चार विशेषताओं को समझाइए।

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 24 व 25 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित है। सभी में आंतरिक विकल्प दिये गये हैं।

प्रश्न 24 नियोजन के प्रकारों को समझाइये।

अथवा

नियोजन प्रक्रिया के चरणों को समझाइये।

प्रश्न 25 वितरण के माध्यम के चयन को प्रभावित करने वाले कारकों को समझाइये

अथवा

वितरण के माध्यमों के कार्यों को लिखिए।

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 26 से 27 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित है। प्रत्येक में आंतरिक विकल्प दिये गये हैं।

प्रश्न 26 उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 की प्रमुख विशेषताएं लिखिए।

अथवा

उपभोक्ता सरंक्षण के उपायों का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 27 विपणन में निष्पादित होने वाले किन्हीं छह कार्यकलापों को समझाइये।

अथवा

उपयोगिता के आधार पर उत्पादों का वर्गीकरण समझाइये।